**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 5149**

**बुधवार, 24 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार**

**5149. डॉ. संजीव कुमार शिंगरीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार कौशल विकास केन्द्रों में प्रशिक्षित स्थानीय आबादी को उद्योगों द्वारा रोजगार देना अनिवार्य करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ग):** कौशल भारत मिशन के तहत, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक प्रमुख योजना को कार्यान्वित कर रहा है जिसका उद्देश्य चार वर्षों अर्थात 2016-2020 में देश भर में पैनल प्रत्यायित और संबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता/प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से अल्पकालीन प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व अधिगम की मान्यता (आरपीएल) के तहत एक करोड़ लोगों को कौशल प्रदान करना है। पीएमकेवीवाई उद्योगों को कौशल विकास केन्द्रों में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने के लिए अधिदेशित नहीं करती है। तथापि, यह स्कीम प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करती है।

*****